राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

- नए जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी बनेगी
- एनीमिया मुक्त राजस्थान के लिए कार्य होगा
- विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा

जयपुर, 24 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सोमवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक मे संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए हर जिले से चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी।

राज्यपाल ने बैठक में राज्य के 33 जिलों के अलावा नए 17 जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी गठन के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 31 जुलाई तक आवश्यक रूप से कार्यवाही कर ली जाए। उन्होंने जिलों में वृक्षारोपण के लिए भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने और लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, चिकित्सा उपकरणों में सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यवाही हो। इस पर बताया गया कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द विद्यार्थियों के लिए इसे लागू किया जाएगा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बैठक में टीबी मुक्त राजस्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों में रेडक्रॉस की भागीदारी की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में अधिकाधिक निक्षय मित्र बनाने और आम जन की भागीदारी से कार्य किया जा रहा है।

बैठक में राज्यपाल ने राजस्थान को एनीमिया मुक्त किए जाने के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस पर बताया गया कि राजस्थान और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया बीमारी से मुक्त करने की पहल की जा रही है। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया रोगियों के बारे में नियमित जानकारी लेकर उनके लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव कल्याणकारी कार्यों के साथ चिकित्सा और सेवा कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाइ जाए। रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर इससे जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिकाधिक कार्य किए जाएंगे। इससे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन श्री राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। सचिव श्री विजय खत्री ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक श्री जितेन्द्र सोनी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक श्री बृजमोहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के श्री रवि प्रकाश ने भी विचार रखे।

वेबसाइट एवं न्यूजलेटर का लोकार्पण

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ ही इससे जुड़ने वाले सदस्यों और भामाशाहों द्वारा दिए जाने वाले दान की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के न्यूज लेटर ष्रेडक्रॉस टाइम्सष के नवीन अंक का भी लोकार्पण किया गया।

———————

राजभवन
इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी
राज्य शाखा, सांगानेरी गेट, राजस्थान, जयपुर
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में

राजभवन
राजस्थान
इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की समीक्षा बैठक
दिनांक 24.06.2024
राजभवन, जयपुर

INDIAN RED CROSS SOCIETY

इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी
राज्य शाखा, सांगानेरी गेट, राजस्थान, जयपुर
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की समीक्षा बैठक
दिनांक 24.06.2024
राजभवन, जयपुर